शाश्वत ऊर्जा

इरेडा
IREDA

एक बार इरेडा, सदैव इरेडा

(नवरत्न सीपीएसई)

अक्षय क्रांति

(ई-पत्रिका)

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड

(भारत सरकार का प्रतिष्ठान)

अक्षय क्रांति

संरक्षक
श्री प्रदीप कुमार दास
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

परामर्शदाता
श्रीमती माला घोष चौधुरी
महाप्रबंधक (मानव संसाधन)

संपादक
श्रीमती संगीता श्रीवास्तव
प्रमुख प्रबंधक (राजभाषा)

सहसंपादक
श्री आलर कुल्लू , उप प्रबंधक (राजभाषा)
सुश्री तुलसी, वरिष्ठ निजी सचिव (हिंदी)

क्र.सं.	विषय	रचना वर्ग	लेख रचिता श्री/सुश्री	पृष्ठ संख्या
1.	संदेश	–	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, इरेडा	3
2.	वो	कविता	संगीता श्रीवास्तव, प्रमुख प्रबंधक (राजभाषा)	4
3.	डिजिटल डिटॉक्सः आधुनिक युग की आवश्यकता	लेख	पीयूष अग्रवाल, प्रबंधक (वित्त तथा लेखा)	5-6
4.	नवीकरणीय ऊर्जा और सतत् विकास की ओर अग्रसर भारत	लेख	रोमेश कुमार गुप्ता, प्रबंधक (वित्त तथा लेखा)	7-10
5.	अनेकता में एकता	लेख	गुंजन महानी, उप प्रबंधक (वित्त तथा लेखा)	11-12
6.	योग	लेख	रिजवान अतहर, उप प्रबंधक (सचि.)	13-15
7.	मेरी प्यारी दिल्ली	लेख	आलर कुल्लू, उप प्रबंधक (राजभाषा)	16-17
8.	अक्षय ऊर्जाः हमारी जिम्मेदारी	लेख	गौरव वार्ष्णेय, उप प्रबंधक (वित्त तथा लेखा)	18-19
9.	प्रदूषण	लेख	हजारी लाल, प्रोटोकॉल अधिकारी	20-21
10.	असली स्वच्छता है– मन की स्वच्छता	लेख	चन्द्रकला मिश्र, अपर महाप्रबंधक (मा.सं.–राजभाषा), बीएचईएल	22-24
11.	हिंदी भाषा का महत्त्व	लेख	राजेश मिश्रा, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी, इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड	25-27
12.	नया दौर	लेख	रमेश चंद, मुख्य प्रबंधक –राजभाषा हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	28-31
13.	पर्यटन की दृष्टि से मिर्जापुरः एक अवलोकन	लेख	सत्येन्द्र कुमार दूबे, हिंदी अनुवादक/राजभाषा, इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड	32-34

संदेश

प्रदीप कुमार दास
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, इरेडा

प्रिय साथियों,

नव वर्ष, विश्व हिंदी दिवस (10 जनवरी) और विश्व महिला दिवस (8 मार्च) की आप सभी को मेरी ओर से हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं ।

इरेडा की 'ई–पत्रिका –अक्षय क्रांति के इस नवीनतम अंक के साथ आप सभी से संवाद करते हुए मुझे अपार प्रसन्नता हो रही है ।

इरेडा भारत देश की एक सबसे बड़ी विशुद्ध ग्रीन फाइनेंसिंग कंपनी है जोकि अक्षय ऊर्जा के लिए जिम्मेदार है, जिसका आदर्श वाक्य "शाश्वत ऊर्जा" तथा "एक बार इरेडा सदैव इरेडा" है। यह अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में जैसे पन बिजली, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, बायोमास, सह –उत्पादन, ई–मोबिलिटी, ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं को बढ़ावा देने और संस्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है ।

इरेडा अपने कार्यालयी कार्यों में भी राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन के लिए यथासंभव प्रयास करती है और गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, भारत सरकार द्वारा समय –समय पर जारी दिशा–निर्देशों और लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सदैव प्रयत्नशील रहती है। इस वर्ष भी नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम– I), दिल्ली के तत्वावधान में इरेडा द्वारा सभी उपक्रमों के लिए "राजभाषा ज्ञान एवं हिंदी व्याकरण प्रतियोगिता" आयोजित की गई, जिससे अंतर–उपक्रम राजभाषाई प्रगति होती है । इसके सफलतापूर्वक आयोजन के लिए इरेडा को आयोजक पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।

इरेडा कार्यालय का मुख्यालय दिल्ली में है और यहाँ भारत के विभिन्न राज्यों से आने वाले कर्मचारीगण जैसे असामी, तेलगु, तमिल, मलयालम, उड़िया, बंगाली, मराठी आदि बहुभाषी हैं फिर भी कार्यालयी कार्य, चर्चा, संवाद आदि एक दूसरे से राजभाषा हिंदी में ही करने का प्रयास करते हैं ।

जिस प्रकार इरेडा अक्षय ऊर्जा के माध्यम से देश के सतत विकास और टिकाऊ विकास करने के लिए लगा हुआ है, मुझे पूरा विश्वास है कि इसी प्रकार राजभाषा हिंदी 'ई –पत्रिका अक्षय क्रांति' के माध्यम से भी राजभाषा हिंदी का चहुंमुखी विकास होगा ।

जय हिंद !

जय हिंदी !

****

वो

संगीता श्रीवास्तव
प्रमुख प्रबंधक (राजभाषा), इरेडा

शब्दों में ना ढलता जो
वो अबोल, अलबेला है
स्पर्श नहीं कर सकूँ उसे
पर एहसासों में बसता है ।
धरती से लेकर अंबर तक
हर मंजर में वो छुपता है
हर डाली पर हर पुष्प पर
नृत्यांगना सा थिरकता है
पाश नहीं कर पाऊँ उसे
वो हवाओं में बहता है ।
प्रकृति को आलोकित करता पर
शिव बन शून्य–सिमटता वो,
अनंत–अनंत विस्तार उसका पर
मेरे मन मुस्काता वों
आँख – मिचौली खेलें हम
बस जानू मैं या जाने वो ।

****

डिजिटल डिटॉक्सः आधुनिक युग की आवश्यकता

पीयूष अग्रवाल
प्रबंधक (वित्त तथा लेखा), इरेडा

आज के तकनीकी युग में, डिजिटल उपकरणों का उपयोग हमारी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन गया है। स्मार्टफोन, लैपटॉप, सोशल मीडिया, और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म ने न केवल हमारे कामकाज को आसान बनाया है, बल्कि हमारे जीवनशैली पर गहरा प्रभाव भी डाला है। हालांकि, अत्यधिक डिजिटल उपकरणों का उपयोग हमारे मानसिक, शारीरिक और सामाजिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। ऐसी स्थिति में "डिजिटल डिटॉक्स" का महत्व बढ़ जाता है। डिजिटल डिटॉक्स का मतलब है कुछ समय के लिए सभी प्रकार के डिजिटल उपकरणों और इंटरनेट से दूरी बनाना ताकि हम अपनी मानसिक और शारीरिक ऊर्जा को पुनः संगठित कर सकें।

डिजिटल डिटॉक्स का मतलब है डिजिटल उपकरणों से कुछ समय के लिए दूरी बनाना। इसका उद्देश्य डिजिटल उपकरणों के अत्यधिक उपयोग से बचाव और मानसिक शांति प्राप्त करना है। डिजिटल डिटॉक्स केवल इंटरनेट, सोशल मीडिया या वीडियो गेम्स से दूर रहना ही नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा अवसर है जिसमें हम वास्तविक दुनिया से जुड़ते हैं और अपने स्वास्थ्य, रिश्तों और आत्म–विकास पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

डिजिटल उपकरणों के अत्यधिक उपयोग ने आज कई समस्याओं को जन्म दिया है। इनमें से प्रमुख हैं :

- **मानसिक तनाव और चिंताः** सोशल मीडिया और लगातार नोटिफिकेशन हमारे दिमाग को शांत रहने नहीं देते।
- **नींद की कमीः** सोने से पहले स्क्रीन देखने की आदत नींद के चक्र को प्रभावित करती है।
- **रिश्तों में दूरीः** लोग वास्तविक दुनिया में संवाद करने की बजाय डिजिटल माध्यमों पर अधिक समय बिताते हैं।
- **शारीरिक समस्याएंः** लंबे समय तक स्क्रीन के सामने बैठने से आंखों पर दबाव, सिरदर्द और गर्दन दर्द जैसी समस्याएं होती हैं।

डिजिटल डिटॉक्स अपनाने से जीवन में कई सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं :

- **मानसिक शांतिः** डिजिटल उपकरणों से दूरी मानसिक तनाव को कम करती है।
- **बेहतर संबंधः** परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने का अवसर मिलता है।

- **उत्पादकता में वृद्धि**: कम विकर्षण के कारण काम पर बेहतर ध्यान केंद्रित होता है।
- **शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार**: डिजिटल स्क्रीन से दूरी आंखों और शरीर को आराम देती है।

डिजिटल डिटॉक्स करने के लिए कुछ आसान कदम उठाए जा सकते हैं :

- **समय निर्धारित करें**: हर दिन कुछ घंटे डिजिटल उपकरणों से दूर रहें।
- **नो–गैजेट जोन बनाएं**: अपने घर या कार्यक्षेत्र में ऐसे स्थान निर्धारित करें जहां उपकरणों का उपयोग न हो।
- **शौक अपनाएं**: किताब पढ़ना, पेंटिंग करना, या प्रकृति के करीब जाना डिजिटल डिटॉक्स में मदद करता है।
- **सोशल मीडिया ब्रेक**: कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से दूरी बनाएं।

डिजिटल डिटॉक्स केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि आज के समय में एक आवश्यकता है। यह हमें मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने में मदद करता है और हमारे जीवन में एक नया संतुलन लाता है। तकनीक के इस युग में, डिजिटल डिटॉक्स अपनाकर हम न केवल अपनी उत्पादकता बढ़ा सकते हैं, बल्कि जीवन को अधिक सुकूनदायक और सार्थक बना सकते हैं।

****

नवीकरणीय ऊर्जा और सतत् विकास की ओर अग्रसर भारत

रोमेश कुमार गुप्ता
प्रबंधक (वित्त तथा लेखा), इरेडा

प्रस्तावना

प्रकृति ने हमें अनमोल उपहार दिए हैं, जिनमें ऊर्जा के स्रोत भी शामिल हैं। लेकिन मानवीय लालच और अत्यधिक दोहन ने इन संसाधनों को खतरे में डाल दिया है। आज हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती है – ऊर्जा की बढ़ती मांग और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना। इस चुनौती का समाधान नवीकरणीय ऊर्जा (Renewable Energy) और ऊर्जा संरक्षण (Energy Conservation) में छिपा है।

नवीकरणीय ऊर्जा : भविष्य का आधार

नवीकरणीय ऊर्जा वह ऊर्जा है जो प्राकृतिक स्रोतों से प्राप्त होती है और जिसका भंडार असीमित है। इसमें सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जल विद्युत, बायोमास और भूतापीय ऊर्जा शामिल हैं। भारत ने इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

1. **सौर ऊर्जा** : फरवरी 2025 तक, भारत ने 100 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित की है। भादला सोलर पार्क (राजस्थान) और कामुथी सोलर पार्क (तमिलनाडु) विश्व के सबसे बड़े सौर ऊर्जा पार्कों में शामिल हैं ।
2. **पवन ऊर्जा** : भारत में दिसंबर 2024 तक 48.2 गीगावाट पवन ऊर्जा क्षमता स्थापित है, जिसमें तमिलनाडु, गुजरात ओर राजस्थान प्रमुख योगदानकर्ता हैं।
3. **जल विद्युत** : भारत में 46.9 गीगावाट की स्थापित जल विद्युत क्षमता है, जिसमें हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और अरुणाचल प्रदेश प्रमुख हैं।
4. **बायोमास ऊर्जा** : देश में 10.7 गीगावाट बायोमास ऊर्जा क्षमता स्थापित है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा का महत्वपूर्ण स्रोत है।

ऊर्जा संरक्षण : हमारी जिम्मेदारी

ऊर्जा संरक्षण का अर्थ है ऊर्जा का सही और कुशलतापूर्वक उपयोग करना । भारत के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) के अनुसार, ऊर्जा संरक्षण से देश हर वर्ष लगभग 23,000 करोड़ रुपये की बचत कर सकता है । हमारे छोटे–छोटे प्रयास भी ऊर्जा की बचत में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं । जैसे :

- एलईडी बल्बों का उपयोग करने से 80 % तक ऊर्जा की बचत हो सकती है ।
- 5–स्टार रेटेड उपकरण 25–40 % कम बिजली का उपयोग करते हैं ।

- सौर ऊर्जा से चलने वाले उपकरणों को अपनाना ।
- बिजली के उपकरणों को बंद करके रखना जब उनका उपयोग न हो ।
- जल संरक्षण के साथ – साथ ऊर्जा संरक्षण पर भी ध्यान देना ।

कविता : ऊर्जा का संदेश

सूरज की सुनहरी किरणें, धरती पर जब आती हैं,
प्रकृति के इस वरदान से, नई उमंगें छाती हैं ।
पवन की लहरों में छिपी, अनंत शक्ति का भंडार,
इसी से मिलता है हमें, ऊर्जा का नया संसार ।
बूंद–बूंद से भरते हैं, नदियों के विशाल सागर,
जल से मिलती विद्युत है, होता जीवन उजागर ।
काला सोना खतम होगा, यह बात हे निश्चित अब,
हरित ऊर्जा अपनाएं हम, बचाएं धरती को सब ।
सौर पैनल छत पर लगाएं, बिजली घर में लाएं,
एलईडी बल्ब का करें उपयोग, ऊर्जा हम बचाएं।
नवीकरणीय ऊर्जा के पथ पर, बढ़ रहा है भारत लगातार,
सतत विकास के सपने को, मिलकर करेंगे हम साकार।

सतत विकास : एक जरूरत

सतत विकास (Sustainable Development) का अर्थ है वर्तमान की जरूरतों को पूरा करते हुए भविष्य की पीढ़ियों के लिए संसाधनों को सुरक्षित रखना। नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा संरक्षण सतत विकास के मुख्य स्तंभ हैं । भारत ने इस दिशा में कई पहल की हैं, जैसे :

1. राष्ट्रीय सौर मिशन : 2030 तक 280 गीगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का संशोधित लक्ष्य।
2. हरित हाइड्रोजन मिशन : 2030 तक 5 मिलियन मीट्रिक टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य।
3. पंचामृत योजना : 2070 तक "नेट जीरो" कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने का लक्ष्य।
4. कुसुम योजना : किसानों को सौर ऊर्जा से सिंचाई के लिए 34,400 करोड़ रुपए की सहायता।

भारत की उपलब्धियां और चुनौतियां

उपलब्धियां

1. कुल स्थापित नवीकरणीय क्षमता : अक्टूबर 2024 तक, भारत ने 203 गीगावाट से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित की है, जो कुल स्थापित क्षमता का लगभग 46 % है ।
2. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन : भारत के नेतृत्व में स्थापित यह गठबंधन अब 120 देशों का संगठन बन चुका है और सौर ऊर्जा प्रोद्योगिकी के विकास में अग्रणी है ।

3. अक्षय ऊर्जा में निवेश : वित्तीय वर्ष 2023–24 में, भारत में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 14.5 अरब डॉलर का निवेश हुआ, जो पिछले वर्ष से 26 % अधिक है ।
4. लागत की कमी : भारत में सौर ऊर्जा की लागत 2.15 रुपए प्रति यूनिट तक पहुंच गई है, जो कोयला आधारित बिजली से भी सस्ती है।

चुनौतियां

1. वित्तीय बाधाएं : नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए प्रारंभिक निवेश अधिक होता है, भारत को 2030 तक अपने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए लगभग 223 अरब डॉलर के निवेश की आवश्यकता है।
2. तकनीकी सीमाएं : ऊर्जा भंडारण की चुनौतियां मौजूद हैं, भारत में अभी केवल 4.7 गीगावाट की ऊर्जा भंडारण क्षमता है।
3. ग्रिड इंटीग्रेशन : नवीकरणीय ऊर्जा के अनियमित उत्पादन को राष्ट्रीय ग्रिड में एकीकृत करना एक प्रमुख चुनौती है।

कविता : प्रकृति का आह्वान

धरती माता पुकारती है, सुनो मनुज मेरे प्यारे,
खजाने मेरे सीमित हैं, समझो बच्चे दुलारे ।
जीवाश्म ईंधन का अंधाधुंध दोहन, जब करते जाओगे,
प्रदूषण से भरी हवा में, कैसे तुम सांस ले पाओगे ?
सूरज की किरणें अनमोल हैं, इनको करलो स्वीकार,
पवन, जल की शक्ति अपनाओं, बनाओं जीवन का आधार ।
नवीकरणीय ऊर्जा के मार्ग पर, कदम बढ़ाओं नित नए,
भविष्य के लिए आज बचाओ, संसाधन सारे खरे खरे।
हर घर में सौर ऊर्जा हो, हर गांव में पवन चक्की,
स्वच्छ ऊर्जा से विकास करो, जीवन होगा तब सुखी ।
आने वाली पीढ़ी के लिए सतत विकास का मार्ग अपनाओं,
अपने और सबके हित में, धरती को तुम स्वर्ग बनाओं ।

भविष्य की दिशा

भारत की महत्वाकांक्षी योजना है कि 2030 तक देश की 50 % ऊर्जा जरूरतें नवीकरणीय स्रोतों से पूरी हों और 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित की जाए। इसके लिए सरकार, निजी क्षेत्र और नागरिकों को मिलकर काम करना होगा। इस दिशा में कुछ सुझाव :

1. शोध और विकास : सरकार ने ऊर्जा भंडारण और हरित हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी में 19744 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की है।

2. प्रोत्साहन और सब्सिडी : सोलर रूफटॉप परियोजनाओं के लिए 40 % तक सब्सिडी और हरित ऊर्जा उपकरणों पर जीएसटी में 5 % तक की छूट ।

3. जन–जागरूकता : 'गो ग्रीन' अभियान के तहत 1,000 से अधिक स्कूलों में नवीकरणीय ऊर्जा प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं ।

4. ग्रामीण विद्युतीकरण : 'सौभाग्य योजना' के माध्यम से 99.9 % गांवों में बिजली पहुंचा दी गई है, जिसमें से कई मिनी–ग्रिड और सौर ऊर्जा का उपयोग किया गया है ।

निष्कर्ष

नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा संरक्षण न केवल पर्यावरण को बचाने का माध्यम है, बल्कि यह आर्थिक रूप से भी लाभदायक हे । भारत में हरित ऊर्जा क्षेत्र में हर वर्ष लगभग 50,000 नौकरियां पैदा हो रही हैं और 2030 तक 34 लाख नए रोजगार सृजित होने का अनुमान है।

भारत अपनी प्राचीन परंपराओं में प्रकृति के साथ सामंजस्य से रहने की शिक्षा देता रहा है । वेदों में 'प्रकृति पूजन' का संदेश आज नवीकरणीय ऊर्जा और सतत विकास के रूप में हमारे समक्ष है। इस पथ पर चलकर हम न केवल अपने देश बल्कि पूरे विश्व को एक स्वच्छ, हरित और सुरक्षित भविष्य दे सकते हैं ।

प्रकृति और विकास के बीच सामंजस्य स्थापित करके ही हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ पृथ्वी छोड सकते हैं। नवीकरणीय ऊर्जा का संकल्प लें, सतत विकास का मार्ग अपनाएं, और भारत को विश्व का हरित ऊर्जा नेता बनाने में अपना योगदान दें ।

****

अनेकता में एकता

गुंजन महानी
उप प्रबंधक (वित्त तथा लेखा), इरेडा

ये हिंदुस्तान हमारा देश और हमारी मातृ भूमि है। हमारा देश अतियंत सुन्दर है। इसके तीनो और समुंदर है। उत्तर में बर्फ से ढाका हिमालय है। मध्य अमी हरी–भरी लहलहाते फसल की भूमि है। देश में गंगा, यमुना, नर्मदा, गोदावरी, कावेरी जैसी कितनी सुंदर नदियां बहती हैं। देश के खेतों की हरियाली देख के भी मन नहीं भरता, तभी तो विश्वकवि रवींद्र ने इस देश के लिए "भुवन–मन–मोहिनी" कहा है। अपनी सुन्दरता से इस देश ने सारे संसार का मन मोह लिया है।

संसार में ऐसा देश बहुत कम है। क्या देश की धरती सोना देती है। ऐसी कोई फसल नहीं जो इस धरती पर न उगती हो। ऐसा कोई खनिज नहीं जो देश के भू–गर्भ में न मिलता हो। लोहा, सोना, तांबा, मैग्नीशियम, कोयला पेट्रोलियम, आदि सभी मिलते हैं। देश के घने वनों में कीमती लकड़ियां और विविध प्रकार के पशु पक्षी पाए जाते हैं। देश की बड़ी–बड़ी नदियाँ से हमने एक औरतों की खेती के लिए पानी मिलता है और दूसरा और उनसे बिजली भी पैदा होती है। हमारे देश का इतिहास बहुत पुराना है देश में हजारों वर्ष पुरानी सभ्यता के निशानी विद्यामान हैं। जमीन की खुदाई से युग के अनेक चिन्ह पाये जाते हैं।

मुगल युग के चिन्ह तो देश के सभी स्थानों में फेले हुए हैं। देश की राजधानी दिल्ली तो विशाल मुगल साम्राज्य की स्मृति चिन्ह से परिपूर्ण है। आगरा का ताजमहल, फतेहपुर सीकरी, अजंता एलोरा की शिल्पकला, कोणार्क और मदुरै के मंदिर सभी भारत के गौरव पूर्ण अतीत की झाँकी प्रस्तुत करते हैं। इतने अधिक प्राचीन स्मृति चिन्ह मंदिर मस्जिद और समाधि भवनों से भरा देश संसार में और कहीं भी नहीं है।

प्राचीन काल में संसार में कुछ ही देश शिक्षा और विज्ञान में काफी उन्नति थी। हमारा देश भी उन लोगों से एक है। प्राचीन हिंदुस्तान के शिक्षा केंद्रों में विश्व के विभिन्न भागों से विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने आते थे। नालंदा के खंड घर आज भी प्रसिद्ध शिक्षा केंद्र होने की गवाही देते हैं।

हमारे देश का अतीत गौरव पूर्ण था। भारत के उस काल के वैज्ञानिक जहाज निर्माण कला में माहिर थे। अपने जहाजों से वे देश विदेश में व्यापार के लिए जाते थे। कितने ही लोग धर्म प्रचार के लिए भी गए। उनको हमारे वहां धर्म आचार विचार और दर्शन को फैलाया।

हिंदुस्तान का अनोखा पान इसके निवासियों में भी पाया जाता है। देश के विविध स्थानों में विविध प्रकार के लोग रहते हैं। कोई गोरा है तो कोई काला, कोई लम्बा है तो कोई नाटा। वेशभूषा भी अलग अलग होती है।

सामाजिक रीति रिवाज और भाषा भी भिन्न है। यहां हिंदू, मुसलमान, पारसी, इसाई, जैन, सिख, सभी धर्मों के लोग निवास करते हैं। कोई मंदिर में जाता है तो कोई मस्जिद में तो कोई गुरुद्वारे में तो कोई गिरजे में। चाहे कोई भी कहीं क्यों ना जाता हो पर सभी एक ही भगवान की आराधना करते हैं। दैनिक रहन सहन में भी देश के विभिन्न स्थानों के निवासियों में काफी विचित्रता पाई जाती है।

इतना विशाल और इतनी विचित्रताएं होने के कारण हिंदुस्तान को एक उपमहाद्वीप कहा गया है। बाहर से देखने पर बहुत अनेकता दिखती है लेकिन इसके भीतर सर्वत्र एकता का बंधन जुड़ गया है। विचित्रताओं के बीच एकता की भावना विद्यामान है। बाहर से देखें पर कोई बंगाली कोई पंजाबी या कोई बिहारी नजर आता है परंतु वास्तव में यह सभी एक हैं। सब हिंदुस्तानी हैं देश के विशाल जन समुदाय का एकमात्र अंश हैं। इनका अतीत एक है, संस्कृति और सभ्यता भी एक है। ये सभी हिंदुस्तानी हैं, एक ही ऐश्वर्या के अधिकारी हैं, एक ही सुख–दुख के भागी हैं।

भिन्न युगों में भिन्न भिन्न देशों से लोग आ कर इस देश में बस गए। दूर के और पराए लोग सभी अपने बन गए। वे अपनी विशिष्टता को खोकर हिंदुस्तानी के रूप में ही जाने जाते हैं। विविध धर्मों का मिलन तीर्थ ये हिंदुस्तान हमारा देश है। और हमारी जन्म भूमि है। विविधता में एकता, अनेकता में एकता ही देश की सबसे बड़ी चीज है।

"भारत माता की जय"

****

योग

रिजवान अतहर
उप प्रबंधक (सचि.), इरेडा

योग, एक प्राचीन अभ्यास है, जिसकी उत्पत्ति सिंधु घाटी में 5,000 साल से अधिक पुरानी है। यह आत्म–देखभाल और व्यायाम की दुनिया के सबसे पुराने रूपों में से एक है, जो विश्व स्तर पर लाखों अभ्यासकर्ताओं को आकर्षित करता है। योग की उत्पत्ति भारत में हुई और यह एक प्राचीन अभ्यास है जो योगियों द्वारा किया जाता था। योग शब्द संस्कृत शब्द युज से आया है, जिसका अर्थ है "जोड़ना"।

21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है जहाँ लोगों को योग के लाभों के बारे में जागरूक किया जाता है। योग मानव जाति के लिए एक महान उपहार है जो हमें बेहतर रहने और अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। जब आप योग का अभ्यास करते हैं तो आपके अंदर धैर्य का स्तर भी बढ़ता है जो नकारात्मक विचारों को दूर रखने में भी मदद करता है। आपको बड़ी मानसिक स्पष्टता और बेहतर समझ मिलती है।

योग एक समग्र अभ्यास है जो शारीरिक और मानसिक दोनों तरह के कल्याण के लिए कई लाभ प्रदान करता है। इसके प्राथमिक लाभों में से एक लचीलापन और संतुलन बढ़ाना है। आसन और स्ट्रेच की एक श्रृंखला के माध्यम से, योग व्यक्तियों को उनकी गति की सीमा में सुधार करने और चोटों के जोखिम को कम करने में मदद करता है।

योग करने के सामान्य लाभ :

- लचीलेपन में सुधार होता है
- तनाव कम होता है
- शरीर की ताकत बढ़ती है
- चिंता को कम करता है
- बीमारी के दौरान जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है
- आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को लाभ होता है
- नींद में सुधार होता है

अगर हम योग के लाभों को और ज्यादा बारीकी से देखें तो इनको विभिन्न प्रकारों में बांटा जा सकता है :

शारीरिक लाभ :

1. उन्नत लचीलापनः योग लचीलापन बढ़ाता है, जिससे चोट लगने का खतरा कम होता है।
2. बेहतर ताकतः यह कार्यात्मक ताकत और मुद्रा को बढ़ावा देता है।
3. बेहतर संतुलनः योग समन्वय और स्थिरता को बढ़ाता है, खासकर वृद्ध वयस्कों में।
4. दर्द से राहतः यह पीठ दर्द और गठिया जैसी पुरानी दर्द स्थितियों को कम करता है।

मानसिक लाभ :

1. तनाव में कमीः योग तनाव को कम करता है और विश्राम को बढ़ावा देता है।
2. मानसिक स्पष्टताः यह फोकस और संज्ञानात्मक कार्य को तेज करता है।
3. भावनात्मक संतुलनः योग भावनात्मक जागरूकता और प्रबंधन को बढ़ावा देता है।
4. बेहतर नींदः यह आराम और बेहतर नींद में सहायता करता है।

आध्यात्मिक लाभ :

1. आत्म–खोजः योग आत्म–समझ और व्यक्तिगत विकास को प्रोत्साहित करता है।
2. संबंधः कुछ लोग योग के माध्यम से आध्यात्मिक संबंध पाते हैं।

सामान्य कल्याण :

1. वजन प्रबंधनः योग वजन घटाने और संतुलित जीवन जीने में सहायता करता है।
2. पाचन स्वास्थ्यः यह पाचन और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल स्वास्थ्य में सुधार करता है।
3. इम्यून सिस्टम बूस्टः योग इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है।
4. दीर्घायुः चिकित्सकों का कहना है कि इससे जीवन शक्ति में वृद्धि होती है और जीवन लंबा होता है।

अगर ध्यान से देखा जाए तो योग के अनगिनत फायदे हैं। इसका नियमित अभ्यास करने पर आपको राहत मिलेगी। क्योंकि यह हमारे दिमाग और शरीर से बीमारियों को दूर रखता है। इसके अलावा, जब हम कई आसन और मुद्राओं का अभ्यास करते हैं, तो यह हमारे शरीर को मजबूत बनाता है और हमें स्वस्थता और स्वस्थता का एहसास कराता है।

इसके अलावा, योग हमारे दिमाग को तेज करने और हमारी बुद्धि को बेहतर बनाने में मदद करता है। हम योग के माध्यम से उच्च स्तर की एकाग्रता प्राप्त कर सकते हैं और यह भी सीख सकते हैं कि अपनी भावनाओं को कैसे स्थिर रखा जाए। यह हमें पहले की तरह प्रकृति से जोड़ता है और हमारे सामाजिक कल्याण को बढ़ाता है।

इसके अलावा, यदि नियमित रूप से अभ्यास किया जाए तो आप योग से आत्म–अनुशासन और आत्म–जागरूकता विकसित कर सकते हैं। इसे लगातार करने पर आपको शक्ति का एहसास होगा और आपको किसी भी समस्या से मुक्त स्वस्थ जीवन जीने में मदद मिलेगी। योग का अभ्यास कोई भी कर सकता है, चाहे आपकी उम्र कुछ भी हो या आप किसी भी धर्म को मानते हों।

संक्षेप में कहें तो योग के कई फायदे हैं। अपने स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के लिए और इससे लाभ उठाने के लिए हर किसी को इसका अभ्यास करना चाहिए। दवाओं या किसी भी प्रकार के अन्य शॉर्टकट जैसे कृत्रिम साधनों के उपयोग के बिना स्वस्थ और लंबा जीवन जीने का यही रहस्य है।

हमारे जीवन मे कुछ प्रमुख बीमारियों को ठीक करने के लिए निम्नलिखित योग करना चाहिएः

उच्च रक्तचाप के लिए सर्वोत्तम योग :

- सेतु बंधासन (ब्रिज पोज)
- सवासना (शव मुद्रा)
- उत्तानासन (आगे की ओर झुककर खड़े होना)
- मार्जरीआसन / बिटिलासन (बिल्ली–गाय मुद्रा)
- बालासन (बाल मुद्रा)
- अधो मुख संवासन (नीचे की ओर मुख वाला कुत्ता)

मधुमेह के लिए सर्वोत्तम योग आसन :

1. सूर्य नमस्कार
2. धनुरासन (धनुष मुद्रा) योग मुद्रा अग्न्याशय को विनियमित करने और उन्हें मजबूत करने में मदद करती है, जो बदले में रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने के लिए इंसुलिन संवेदनशीलता को नियंत्रित करती है।
3. ताड़ासन (पर्वत मुद्रा) ताड़ासन मधुमेह वाले लोगों के लिए एक सरल योग मुद्रा है।
4. बालासन (बाल मुद्रा)

****

मेरी प्यारी दिल्ली

आलर कुल्लू
उप प्रबंधक (राजभाषा), इरेडा

दिल्ली, आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली भारत की राजधानी और एक केंद्र शासित प्रदेश है। यही नई दिल्ली है जो भारत की राजधानी है। दिल्ली भारत की राजधानी होने के नाते केंद्र सरकार की तीनों इकाइयों–कार्यपालिका, संसद और न्यायपालिका के मुख्यालय नई दिल्ली और दिल्ली में स्थापित हैं और यहीं पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायधीश और प्रायः सभी सरकारी कार्यालयों के मुख्यालय मौजूद हैं साथ में इरेडा कार्यालय का पंजीकृत, व्यवसाय केंद्र और कॉर्पोरेट कार्यालय भी हैं। दिल्ली जनसंख्या के तौर पर भारत का दूसरा सबसे बड़ा महानगर है। यहाँ बोली जाने वाली भाषा को खिचड़ी भाषा भी कहा जा सकता है। यहाँ की मुख्य भाषाएँ हैं: हिन्दी, पंजाबी, उर्दू और अंग्रेजी आदि है।

यमुना नदी के किनारे स्थित इस नगर का गौरवशाली पौराणिक इतिहास है, और पुराणों में इसका विशेष महत्व है। यह भारत का अति प्राचीन नगर है। मुगल बादशाहों ने लाल किला, जमा मस्जिद, कुतुब मीनार आदि कई ऐतिहासिक इमारतों का निर्माण किया जोकि आज भी सैकड़ों साल से मुगलकालीन शासन की गाथा सुना रहे हैं। आधुनिक दिल्ली का निर्माण ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन काल से प्रारंभ होता है जिन्होंने भारत की राजधानी नई दिल्ली को बनाया। अंग्रेजों ने ही राष्ट्रपति भवन, संसद भवन, जनपथ और कई इमारतों का निर्माण किया जोकि आज भी अंग्रेजी राज काज और योगदान की गाथा सुना रहे हैं। शहर के बड़े हिस्सों को ब्रिटिश आर्किटेक्ट्स सर एडविन लुटियंस और सर हर्बर्ट बेकर द्वारा ही डिजाइन किया गया था।

दिल्ली वास्तव में लोगों के दिल में दिल्ली वसती है, यहाँ के गली–कूचे, यहाँ के खान–पान, यहाँ की सभ्यता – संस्कृति, रहन–सहन, वेशभूषा और यहाँ की मिट्टी और आबो–हवा को कोई भी व्यक्ति छोड़ना नहीं चाहता है। अंग्रेज भी इस शहर को छोड़ना नहीं चाहते थे ।

शेख इब्रहीम जौक के शब्दों में

" इन दिनों गरचे दकन में है बड़ी कद्र–ए–सुख़न।

कौन जाए 'जौक' पर दिल्ली की गलियाँ छोड़ कर ॥"

नई दिल्ली भारत देश की राजधानी के नाते प्रायः सभी सरकारी कार्यालयों का मुख्यालय है। दिल्ली, आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली भारत की राजधानी और एक केंद्र शासित प्रदेश है जिसके कारण जीविका और रोजगार के अवसर उपलब्ध है। इस देश के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित

प्रदेशों में रहने वाले नागरिक हर रोज कई रेलगाड़ियों, हवाई जहाजों, मोटर कारों से दिल्ली और दिल्ली के आस–पास के शहरों जैसे नोएडा, गुरुग्राम आदि में या तो रोजगार की तलाश में या भ्रमण या सरकारी काम के लिए हजारों लोग आते हैं और अपनी–अपनी किस्मत की आज़माइश करते हैं। इसमें कुछ लोग यहीं के होकर रह जाते हैं, कुछ लोग वापस अपनी पैतृक जगह लौट जाते हैं।

ऐसे भी दिल्ली को दिल वालों का शहर कहा जाता है। मगर कुछ दशकों से आधुनिक विकास और कंक्रीट के बढ़ते जंगल से दिल्ली की जलवायु, पर्यावरण, पानी की समस्या और वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। इन दिनों वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब और बहुत खराब की स्थिति में पहुँच रहा है, स्वांस लेना दुश्वार हो गया है, पानी की भी यही स्थिति है, स्वच्छ पीने का पानी उपलब्ध बड़ी मुश्किल से हो रहा है। हमें दिल्ली में रोटी और कपड़ा तो मिल रहा है किन्तु मकान का जुगाड़ करना टेढ़ी खीर हो रहा है। दिल्ली की गंदी नालियों के पानी से यमुना नदी जो दिल्ली की जीवन रेखा नदी कहलाती है, काली हो गई है, दिल्ली वासियों के पाप धोते धोते और काली – मैली और अधिक प्रदूषित होते जा रही है।

इस सुंदर दिल्ली को, दिल वालों की दिल्ली को, भारत की पहचान देने वाली दिल्ली को और भारत देश की राजधानी दिल्ली को आने वाली पीढ़ी से लिए संरक्षित रखना है। हमें दिल्ली की जनसंख्या के बोझ को कम करना है। दूसरी उप राजधानी बनाना है। अधिक से अधिक पेड़–पौधे लगाकर वायु प्रदूषण को कम करना है। पानी और ध्वनि प्रदूषण कम करना है और हरित ऊर्जा अपनाना है।

"अक्षय ऊर्जा से दिल्ली का विकास ! सौर ऊर्जा के दिल्ली का हर घर प्रकाश! इलेक्ट्रिक वाहन से दिल्ली के सड़क गुलजार ! पवन और पन बिजली से दिल्ली का विकास ! अक्षय ऊर्जा अपनाएं, हरित ऊर्जा अपनाएं और मिल–जुलकर दिल्ली का सतत विकास करें।"

****

अक्षय ऊर्जा: हमारी जिम्मेदारी



गौरव वार्ष्णेय
उप प्रबंधक (वित्त तथा लेखा), इरेडा

आज के युग में, जब पर्यावरणीय असंतुलन और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दे मानवता के लिए गंभीर चुनौती बन गए हैं, अक्षय ऊर्जा का महत्व और आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। यह केवल ऊर्जा का एक स्रोत नहीं है, बल्कि भविष्य को सुरक्षित रखने का एक स्थायी समाधान है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जल ऊर्जा और जैव ऊर्जा जैसे अक्षय स्रोत पर्यावरण को हानि पहुँचाए बिना हमारी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सक्षम हैं। इन संसाधनों का उपयोग करना न केवल हमारी आवश्यकता है, बल्कि यह हमारी सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी भी है।

अक्षय ऊर्जा : एक समाधान

पारंपरिक ऊर्जा स्रोत, जैसे कोयला, तेल और गैस, सीमित हैं और उनके उपयोग से पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वायु और जल प्रदूषण, ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन और पारिस्थितिकी तंत्र पर हानिकारक प्रभाव इन स्रोतों के दुष्परिणाम हैं। दूसरी ओर, अक्षय ऊर्जा स्रोत असीमित और स्वच्छ हैं। ये ऊर्जा स्रोत न केवल प्रदूषण को कम करते हैं, बल्कि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को भी नियंत्रित करने में सहायक हैं।

भारत में अक्षय ऊर्जा की स्थिति

भारत अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल है। सरकार ने 2030 तक 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है। सौर ऊर्जा में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। राजस्थान का भादला सोलर पार्क और गुजरात का कच्छ पवन ऊर्जा संयंत्र इसके उदाहरण हैं। इसके साथ ही, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) जैसी पहल भारत की वैश्विक नेतृत्व क्षमता को दर्शाती है।

हमारी जिम्मेदारी

अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देना न केवल सरकार का काम है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। व्यक्तिगत स्तर पर छोटे–छोटे कदम बड़े बदलाव ला सकते हैं:

1. **सौर ऊर्जा का उपयोग:** अपने घरों में सोलर पैनल लगाकर ऊर्जा की खपत को अक्षय स्रोतों से पूरा करना।
2. **ऊर्जा बचत:** बिजली उपकरणों का विवेकपूर्ण उपयोग और ऊर्जा दक्षता पर ध्यान देना।
3. **स्थानीय परियोजनाओं में भागीदारी:** अक्षय ऊर्जा को प्रोत्साहित करने वाली परियोजनाओं का समर्थन करना।

4. **जनजागरूकता:** अपने समुदाय और समाज में अक्षय ऊर्जा के महत्व को समझाना।

अक्षय ऊर्जा का महत्व

अक्षय ऊर्जा केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं है, यह समाज और आर्थिक विकास के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रामीण क्षेत्रों में अक्षय ऊर्जा परियोजनाएँ स्थानीय रोजगार के अवसर उत्पन्न करती हैं। इसके अलावा, यह ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करती है और देश को आत्मनिर्भर बनाती है।

निष्कर्ष

अक्षय ऊर्जा को अपनाना हमारी जिम्मेदारी है। यह केवल तकनीकी समाधान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और भावी पीढ़ियों के प्रति हमारी जवाबदेही है। जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने और ऊर्जा संसाधनों का सतत् उपयोग सुनिश्चित करने के लिए हमें अक्षय ऊर्जा को अपने जीवन का हिस्सा बनाना होगा।

आइए, हम सभी अक्षय ऊर्जा के इस आंदोलन का हिस्सा बनें और स्वच्छ, हरित और स्थायी भविष्य की ओर कदम बढ़ाएँ। यह न केवल पर्यावरण के लिए आवश्यक है, बल्कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है।

****

प्रदूषण

हजारी लाल
प्रोटोकॉल अधिकारी, इरेडा

प्रदूषण का अर्थः— संतुलित वातावरण में ही जीवन का विकास संभव है। पर्यावरण का निर्माण प्रकृति के द्वारा किया गया है। प्रकृति द्वारा प्रदत्त पर्यावरण जीवधारियों के अनुकूल होता है। जब वातावरण में कुछ हानिकारक घटक आ जाते हैं तो वे वातावरण का संतुलन बिगाड़ कर उसको दूषित कर देते हैं। यह गंदा वातावरण जीवधारियों के लिए अनेक प्रकार से हानिकारक होता है। इस प्रकार "वातावरण के दूषित हो जाने" को ही प्रदूषण कहते हैं।

जनसंख्या की असाधारण वृद्धि और औद्योगिक प्रगति में प्रदूषण की समस्या को जन्म दिया है और आज इसने इतना विकराल रूप धारण कर लिया है कि उससे मानवता के विनाश का संकट उत्पन्न हो गया है।

प्रदूषण के प्रकारः—आज के वातावरण में प्रदूषण निम्नलिखित रूपों में दिखाई देता हैः—

(क) **वायु प्रदूषणः**— वायु जीवन का अनिवार्य स्रोत है। प्रत्येक प्राणी को स्वस्थ रुप से जीने के लिए शुद्ध वायु अर्थात् ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। जिस कारण वायुमंडल में इसकी विशेष अनुपात में उपस्थिति आवश्यक है। जीवधारी साँस द्वारा ऑक्सीजन ग्रहण करता है और कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ता है। पेड़ पौधे कार्बन डाइऑक्साइड ग्रहण कर हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। इससे वायुमंडल में शुद्धता बनी रहती है। आजकल वायुमंडल में ऑक्सीजन गैस का संतुलन बिगड़ गया है और वायु अनेक हानिकारक गैसों से प्रदूषित हो गई है ।

(ख) **जल प्रदूषण :** जल को जीवन कहा जाता है और यह भी माना जाता है कि जल में ही सभी देवता निवास करते हैं। इसके बिना जीव—जन्तु और पेड़—पौधों का भी अस्तित्व नहीं है। फिर भी बड़े—बड़े नगरों के गन्दे नाले और सीवर नदियों के जल में आकर मिला दिये जाते हैं। कारखानों का सारा मैला बहकर नदियों के जल में आकर मिलता है। इससे जल प्रदूषित हो गया है और उससे भयानक बीमारियाँ उत्पन्न हो रही हैं जिससे लोगों का जीवन ही खतरे में पड़ गया है।

(ग) **ध्वनि प्रदुषण :** ध्वनि प्रदूषण भी आज की नयी समस्या है। इसे वैज्ञानिक प्रगति ने पैदा किया है। मोटर,कार,ट्रैक्टर,जेट विमान, कारखानों के सायरन, मशीनें तथा लाउडस्पीकर ध्वनि के सन्तुलन को बिगाड़कर ध्वनि—प्रदूषण उत्पन्न करते हैं। अत्यधिक ध्वनि—प्रदुषण से मानसिक विकृति तीव्र क्रोध/अनिद्रा एवं चिड़चिड़ापन जैसी मानसिक समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं।

(घ) **रेडियोधर्मी प्रदुषण :** आज के .युग में वैज्ञानिक परीक्षणों का जोर है। परमाणु परीक्षण निरन्तर होते ही रहते हैं। इसके विस्फोट से रेडियोधर्मी पदार्थ सम्पूर्ण वायुमण्डल फैल जाते हैं और अनेक प्रकार से जीवन को क्षति पहुँचाते हैं।

(ङ) **रासायनिक प्रदुषण :** कारखानों से बहते हुए अपशिष्ट द्रव्यों के अलावा रोगनाशक तथा कीटनाशक दवाइयों से और रासायनिक खादों से भी स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ये पदार्थ पानी के साथ बहकर जीवन को अनेक प्रकार से हानि पहुँचाते हैं।

प्रदूषण की समस्या तथा इससे हानियाँ : बढ़ती हुई जनसंख्या और औद्योगीकरण ने विश्व के सम्मुख प्रदूषण की समस्या पैदा कर दी है। कारखानों के धुएँ से विषैले कचरे के बहाव से तथा जहरीली गैसों के रिसाव से आज मानव–जीवन समस्याग्रस्त हो गया है। इस प्रदूषण से मनुष्य जानलेवा बीमारियों का शिकार हो रहा है। कोई अपंग होता है तो कोई बहरा/किसी की दृष्टि शक्ति नष्ट हो जाती है तो किसी का जीवन। विविध प्रकार की शारीरिक विकृतियाँ मानसिक कमजोरी, असाध्य कैंसर व ज्वर इन सभी रोगों का मूल कारण विषैला वातावरण ही है।

समस्या का समाधान : वातावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए वृक्षारोपण सर्वश्रेष्ठ साधन है। दूसरी ओर वृक्षों के अधिक कटाव पर भी रोक लगायी जानी चाहिए। कारखाने और मशीनें लगाने की अनुमति उन्हीं लोगों को दी जानी चाहिए जो औद्योगिक कचरे और मशीनों के धुएँ को बाहर निकालने की समुचित व्यवस्था कर सकें। संयुक्त राष्ट्र संघ को चाहिए कि वह परमाणु परीक्षणों को नियन्त्रित करने की दिशा में उचित कदम उठाए। तेज ध्वनि वाले वाहनों पर साइलेंसर आवश्यक रूप से लगाए जाने चाहिए तथा सार्वजनिक रूप से लाउडस्पीकरों आदि के प्रयोग को नियन्त्रित किया जाना चाहिए। जल–प्रदूषण को नियन्त्रित करने के लिए औद्योगिक संस्थानों में ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए कि व्यर्थ पदार्थों एवं जल को उपचारित करके ही बाहर निकाला जाए तथा इनको जल स्रोतों में मिलाने से रोका जाना चाहिए।

****

असली स्वच्छता है– मन की स्वच्छता

चन्द्रकला मिश्र
अपर महाप्रबंधक (मा. सं.–राजभाषा)
बीएचईएल कॉर्पोरेट कार्यालय

नहाए धोए क्या भया जो मन मैल न जाय,
मीन सदा जल में रहे धोए बास न जाय।

(मछली सदैव जल में रहती है, फिर भी उसके शरीर की दुर्गंध नहीं जाती, उसी प्रकार मनुष्य नहा–धोकर शरीर को कितना भी साफ कर ले, वह स्वच्छ तभी होगा जब उसका मन साफ होगा)

– **संत कबीरदास**

कहा जाता है कि जहां स्वच्छता होती है, वहां ईश्वर का वास होता है। स्वच्छता मानव जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। यह उतना ही जरूरी है, जितना कि दान–पुण्य। इसीलिए, हर त्यौहार पर घर की सफाई का बहुत बड़ा महत्व है।

स्वच्छता की शुरूआत स्वयं से होती है। यही मानवीय सभ्यता का प्रथम चरण है। मैले–कुचौले शरीर और गंदे वस्त्र धारण करने वाले व्यक्ति को कोई पसंद नहीं करता है। वह सर्वत्र उपेक्षित होता है, उसका मजाक बनाया जाता है और उसे असभ्य कहा जाता है। गंदगी आलस्य का लक्षण है। जागरूक और अपनी गरिमा का ध्यान रखने वाले व्यक्ति की पहली कोशिश होती है कि वह गंदगी से नाता तोड़कर स्वच्छता अपनाए। स्वच्छता सुंदर लगती है और व्यक्ति को सहज ही अपनी ओर आकर्षित करती है।

स्वच्छता का तात्पर्य शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक सभी प्रकार की स्वच्छता से है। इसके बाहरी और आंतरिक पक्ष एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। आंतरिक पक्ष से तात्पर्य है – मानसिक मलिनता, जो स्वार्थ और बुरी प्रवृत्तियों को जन्म देती है। लालच, मोह और अंहकार से व्यक्ति के मन में बुरे विचार उत्पन्न होते हैं। यही बुरे विचार उसे उद्विग्न करते रहते हैं और दुष्कर्मों को बढ़ावा देते हैं। अतः हमें अपने बाहरी स्वरूप अर्थात् शरीर को स्वच्छ रखने के साथ–साथ मन, वाणी और कर्म को भी स्वच्छ रखना आवश्यक है। तात्पर्य यह है कि हमारी सोच और भावना सच्ची होनी चाहिए। हम जो कुछ बोलें वह दूसरों के लिए प्रतिकूल या अहितकर नहीं होना चाहिए, हमारा व्यवहार दूसरों के लिए कष्टकारी न हो। यदि हमारा मन और शरीर दोनों स्वच्छ हैं तो निश्चित रूप से हम ईश्वर के काफी करीब होते हैं और दूसरों के लिए कभी बुरा नहीं सोचते अर्थात् दुर्भावना रहित होते हैं। अतः शारीरिक शुद्धता के साथ–साथ वैचारिक शुद्धता भी आवश्यक है। मनुस्मृति में कहा गया है–

योर्थे शुचिर्हि सः शुचिर्न मृद्वारि शुचिः शुचिः।

शरीर की शुचिता (स्वच्छता) केवल सतही है। यह स्वच्छता जरूरी है, किंतु इससे भी अधिक महत्वपूर्ण है : धनार्जन संबंधी शुचिता। वास्तव में, वही व्यक्ति शुद्धि प्राप्त है, जिसने धनार्जन में शुचिता बरती हो। अर्थात् जिसने औरों को धोखा देकर, बेईमानी करके, लूटकर, घूस लेकर या अन्य अनुचित तरीकों से धन न कमाया हो।

इस प्रकार, स्वच्छता का सीधा संबंध केवल शारीरिक गंदगी के साथ न होकर हमारी सोच, हमारे विचार, हमारे दृष्टिकोण और हमारे आचरण से भी है। यदि हमारा मन शुद्ध होगा तो हम स्वयं को, परिवार को और समाज को बेहतर बनाने में योगदान करेंगे। स्वच्छता हमारे जीवन को विभिन्न रूपों में प्रभावित करती हैरू

- स्वास्थ्य – स्वच्छता का स्वास्थ्य से घनिष्ठ संबंध है। बीमारी फैलने का सबसे बड़ा कारण गंदगी है। कूड़े–कचरे के ढेर, नालियों के कीचड़ और सीलन एवं सड़ने में बीमारियां उत्पन्न करने वाले कीड़े पैदा होते हैं। बीमारियां इन कीड़ों को खत्म करने से नहीं, बल्कि गंदगी हटाने से दूर होती हैं। स्वच्छ परिवेश में रहने वाला व्यक्ति स्वस्थ और प्रसन्न रहता है। अंग्रेजी में कहा गया है– Healthy mind in Healthy body- अर्थात् स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। इस प्रकार, स्वच्छता से मानसिक स्वास्थ्य भी सुनिश्चित होता है।

इसका दूसरा पहलू यह है कि तन और मन का परस्पर गहरा संबंध है। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। दोनों का स्वास्थ्य एक दूसरे पर निर्भर करता है। यदि एक अस्वस्थ है तो दूसरा स्वस्थ नहीं हो सकता। अतः स्वस्थ मन से स्वस्थ तन का निर्माण संभव है। अर्थात शरीर को स्वस्थ रखने में विचारों और भावनाओं की शुद्धता की महत्वपूर्ण भूमिका है।

- दृष्टिकोण – जीवन में शुचिता धारण करने वाला व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ तो होता ही है, साथ ही, दुष्प्रवृत्तियों और दुर्भावना से रहित होने के कारण वह सदैव अपने साथ–साथ दूसरों का भी हित चाहता है। अच्छे–बुरे की पहचान करने में समर्थ होता है और हर परिस्थिति के साथ सामंजस्य बैठाते हुए संतुलित जीवन व्यतीत करता है। जीवन के प्रति उसका नजरिया सकारात्मक होता है।
- व्यक्तित्व – साफ–सुथरे शरीर वाले और हमेशा स्वच्छ वस्त्र धारण करने वाले व्यक्ति की ओर लोग स्वतः आकृष्ट होते हैं। उसकी तरफ ध्यान देते हैं। इसके साथ–साथ यदि वह मन का भी साफ है और उसका नजरिया सकारात्मक है तो उसके व्यक्तित्व में चार चांद लग जाते हैं। इससे उसका आत्मविश्वास बढ़ता है और उसके व्यक्तित्व में निखार आता है।
- संबंध– साफ–सुथरा दिखने वाले आकर्षक व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति, जो ईमानदार, निष्कपट और निश्छल हैं, से हर व्यक्ति जुड़ना चाहता है और उसके साथ संबंध रखना चाहता है। वह जीवन में बहुत से मित्र बनाने में सफल होता है। परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के साथ उसके संबंध मधुर होते हैं। इसके विपरीत गंदगी पसंद, दुष्प्रवृत्तियों एवं नकारात्मक विचारों से युक्त और दुर्व्यवहार करने वाले तथा बिना सोचे–विचारे कुछ भी बोलने वाले व्यक्ति को कोई पसंद नहीं करता है और वह कभी दूसरों का विश्वास पात्र नहीं बन पाता है। उसके पारिवारिक संबंध भी अच्छे नहीं होते।
- लोकप्रियता–शरीर से स्वच्छ और स्वस्थ तथा साफ दिल वाला, सकारात्मक दृष्टिकोण रखने वाला, सद्व्यवहारी तथा आकर्षक व्यक्तित्व का धनी व्यक्ति अपने सद्गुणों के कारण समाज में स्वतः लोकप्रियता हासिल करता है। लोग उससे स्नेह करते हैं और सदैव उसके सहयोग के लिए तैयार रहते हैं।
- समृद्धि – दीपावली का त्यौहार इसी मान्यता पर आधारित है कि स्वच्छ घर में लक्ष्मी जी का आगमन होता है। लक्ष्मी जी प्रतीक हैं– समृद्धि और संपन्नता की। इसीलिए, इस दिन घर–दुकान आदि सब जगह साफ–सफाई की परंपरा है। यदि मानसिक स्वच्छता की बात करें तो समृद्धि का यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का भी है। अर्थात् समृद्धि के लिए दुष्प्रवृत्तियों और मानसिक विकारों का

नष्ट होना भी आवश्यक है। इस प्रकार, शरीर एवं मन की शुद्धि से समृद्धि आना स्वाभाविक है।

- आचरण और व्यवहार – जिस व्यक्ति का मन साफ होता है, जिसकी सोच में कोई दुर्भावना नहीं होती और जो निश्छल एवं निष्कपट होता है, उसके आचरण और व्यवहार में भी इसकी झलक मिलती है। वह सदाचार और परोपकार का मार्ग अपनाता है और दूसरे लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करता है। मनुस्मृति में कहा गया है–

आचाराल्लभते ह्यायुः आचारादीप्सिताः प्रजाः ।

आचाराद्धनमक्षयम् आचारो हन्त्यलक्षणम् ॥

अच्छे आचरण से व्यक्ति दीर्घायु होता है, श्रेष्ठ संतान प्राप्त होती है, अक्षय धन की प्राप्ति होती है तथा दोष नष्ट हो जाते हैं।

